# कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक छह करोड़ नौकरियां देने की तैयारी



नई दिल्ली। सरकार ने कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक 4.5 से 6 करोड़ नौकरियां पैदा करने के लिए रोड मैप तैयार किया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, इस क्षेत्र का आकार 165 अरब डॉलर है। इसे 350 अरब डॉलर तक ले जाने का प्रयास है। हमने जो 100 दिवसीय रोड मैप तैयार किया है उससे लाखों करोड़ रुपये का निवेश आ सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, पहले स्वीकृत सात पीएम-मित्र एकीकृत मेगा टेक्सटाइल पार्क के पूरी तरह शुरू होने पर 70,000 करोड़ का निवेश आएगा। इससे 21 लाख नौकरियां पैदा होंगी। 350 अरब डॉलर के आकार तक पहुंचने के लिए हमें मानव निर्मित कपड़े की जरूरत है। सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के लिए 100 अरब डॉलर का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। ब्यूरो